<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>मोटे अनाज पर जागरूकता कार्यक्रम</u>

विश्वविद्यालय में वर्ष 2023 को विश्व स्तर पर 'अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है जिसके तहत दुनिया भर में मोटा अनाज के उत्पादन, खपत और विविध उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। गृह विज्ञान प्रसार विभाग, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा पंतनगर परिसर की छात्रावास कालोनी में मोटा अनाज पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जागरूकता कार्यक्रम में समुदाय के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल थे जिसमें छात्रों ने पोस्टर, पैम्फलेट, बुकलेट आदि का उपयोग करके लोगों को विभिन्न प्रकार के मोटा अनाज के बारे में जागरूक किया। लोगों को बताया कि मोटा अनाज में आहारीय रेशों की मात्रा, रक्त शर्करा स्तर (मधुमेह) और कोलेस्ट्रॉल स्तर (हृदय रोग) को कम करने की क्षमता होती है। समुदाय के लोगों को मोटा अनाज के व्यंजनों के बारे में ज्ञान दिया गया और दैनिक आधार पर मिलेट को अपने आहार में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने रागी लड्डू की रेसिपी का प्रदर्शन किया। छात्रों ने नाटक के माध्यम से मिलेट के फायदे तथा विभिन्न प्रकार के रोगों को दूर करने के लिए मिलेट के लाभ के बारे में बताया।

यह कार्यक्रम गृह विज्ञान प्रसार विभाग की सहायक प्राध्यापिका, डा. अनुपमा पांडे के नेतृत्व एवं सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. अल्का गोयल के प्रोत्साहन एवं प्रेरणा से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समुदाय के लोगों को इसके प्रकार, फायदे और स्वास्थ्य लाभ के बारे में बताया गया।

समुदाय के लोगों को मोटा अनाज की जानकारी देते अधिकारी।